# सेंटर फॉर सीएसआर स्टडीज का उद्घाटन, डिप्टी सीएम बोले- सीआईएमपी ने अपने छात्रों में विकसित किया सामाजिक मूल्य

सिटी रिपोर्टर | पटना

चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना में सेंटर फॉर सीएसआर स्टडीज का उद्घाटन शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थान के डायरेक्टर डॉ. वी मुकुंद दास को मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करने और बिहार की खोई हुए शैक्षणिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए धन्यवाद देता हूं। यह बड़े गर्व की बात है कि इस संस्थान के छात्र देश-विदेश के बड़ी-बड़ी कंपनियों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। बेहद खुशी है कि सीआईएमपी ने अपने छात्रों में सामाजिक मूल्यों को विकसित किया है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि राज्य में सीएसआर से संबंधित गतिविधियों के लिए इस सेंटर की स्थापना करने के लिए संस्थान ने अच्छा कदम उठाया है। क्रिएटिव थिंकर राइटर ग्राफोलॉजिस्ट प्रो. प्रसाद सुंदरराजन ने संस्थान में सीएसआर परियोजना शुरू करने के लिए आभार व्यक्त किया। सीएसआर अध्ययन केंद्र के को-ऑर्डिनेटर कुमोद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



सीआईएमपी में उद्घाटन करते डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद व पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन।

Dainik Bhaskar ! Page.NO-09 ! D-17-07-2021

# सीआईएमपी में सेंटर फॉर सीएसआर स्टडीज का शुभारंभ

पटना (एसएनबी)। चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान में उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने सेंटर फॉर सीएसआर स्टडीज का उद्घाटन किया। मौके पर श्री प्रसाद ने कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि इस संस्थान के छात्र देश-विदेश की बड़ी-बड़ी कंपनियों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। सीआईएमपी किसी भी दृष्टिकोण से कार्पोरेट की श्रेणी में नहीं आता है फिर भी संस्थान सामाजिक उत्थान के कार्यों में संलग्न है। वास्तव में हमारी भारतीय परंपरा में सामाजिक उत्तरदायित्व हमारे दैनिक जीवन का एक भाग हुआ करता था। हमारे पूर्वज समाज के लिए कुछ-न-कुछ करना अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते थे। अपनी आय का दशांश सामाजिक कार्यों में खर्च करने की हमारी परंपरा है।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार अकेले ही समाज की सभी आवश्यकताओं का ख्याल नहीं रख सकती। समाज के प्रत्येक व्यक्ति एवं संस्थान को आगे आकर अपनी क्षमता के अनुसार अपना योगदान देना होगा। सीआईएमपी ने अपने छात्रों में समाजिक मूल्यों को विकसित किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि छात्र संस्थान से पास होने के बाद जहां भी जाएंगे वे इन मूल्यों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को जारी रखते हुए उसे और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।



सेंटर फॉर सीएसआर स्टडीज का उद्घाटन करते उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद।

**समाज के प्रत्येक व्यक्ति और संस्थान अपनी क्षमता के अनुसार दें योगदान : तारकिशोर**

समारोह के विशिष्ट अतिथि पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन थे। उन्होंने सीएसआर पहल को आगे बढ़ाने के लिए संस्थान को हर संभव मदद की पेशकश की। स्वच्छ भारत मिशन का हवाला देते हुए श्री नवीन ने कहा कि हमें समाज के विकास के लिए लंबा सफर तय करना है। क्रिएटिव-थिंकर-राइटर-ग्राफोलॉजिस्ट प्रो. प्रसाद सुंदरराजन ने सीआईएमपी निदेशक डा. वी. मुकुंद दास को झुग्गी-झोपड़ी और कमजोर वर्ग में रहने वाले बच्चों के बीच साक्षरता की चिंगारी फैलाने एवं संस्थान की सीएसआर परियोजना शुरू करने के लिए धन्यवाद दिया। सीएसआर अध्ययन केंद्र के समन्वयक कुमोद कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

Rastriya Sahara ! Page.No-02 ! Dated:17-07-2021

# युवा टाइम मैनेजमेंट पर दें ध्यान: उपमुख्यमंत्री

**सीआइएमपी**

- सीआइएमपी में सेंटर फॉर सीएसआर स्टडीज का हुआ उद्घाटन

**संवाददाता, पटना**



सीआइएमपी में सेंटर फॉर सीएसआर स्टडीज के उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद व अन्य.

चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना (सीआइएमपी) में शुक्रवार को सेंटर फॉर सीएसआर स्टडीज का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने किया. सेंटर का उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में एक उत्कृष्ट प्रबंधन संस्थान की कमी को पूरा करने के लिए इस संस्थान की परिकल्पना करने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बहुत-बहुत धन्यवाद. साथ ही संस्थान के निदेशक डॉ वी मुकुंदा दास को मुख्यमंत्री के सपनों को साकार कर बिहार की खोयी हुए शैक्षणिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए भी धन्यवाद. उन्होंने कहा कि सभी लोगों को टाइम मैनेजमेंट पर ध्यान देने की जरूरत है. मोबाइल व अन्य गैजेट के चक्कर में युवा अपना कीमती समय बर्बाद कर रहे हैं. यह सोचना व समझना होगा. युवा टाइम मैनेजमेंट करके समाज में अपना बेहतर योगदान दर्ज कराएं.

उन्होंने कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि इस संस्थान के छात्र देश-विदेश की बड़ी-बड़ी कंपनियों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं. हालांकि, सीआइएमपी किसी भी दृष्टिकोण से कॉर्पोरेट की श्रेणी में नहीं आता है. फिर भी जिस प्रकार संस्थान सामाजिक उत्थान के कार्यों में संलग्न है, उसके लिए मैं सीआइएमपी व उसके निदेशक को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहूंगा.

**समाज के प्रत्येक व्यक्ति को देना होगा योगदान** : उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार अकेले ही समाज की सभी आवश्यकताओं का ख्याल नहीं रख सकती. समाज के प्रत्येक व्यक्ति एवं संस्थान को आगे आकर अपनी क्षमता के अनुसार अपना योगदान देना होगा. मुझे बेहद खुशी है कि सीआइएमपी ने अपने छात्रों में सामाजिक मूल्यों को विकसित किया है. विशिष्ट अतिथि पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि सीएसआर पहल को आगे बढ़ाने के लिए संस्थान की हर संभव मदद की जायेगी. प्रो प्रसाद सुंदरराजन ने अपने स्वागत भाषण में सीआइएमपी निदेशक डॉ वी मुकुंदा दास को संस्थान की सीएसआर परियोजना शुरू करने के लिए धन्यवाद दिया. सीएसआर अध्ययन केंद्र के समन्वयक कुमोद कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ. मौके पर सीआइएमपी के सभी संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी सदस्य और छात्र उपस्थित थे.

Prabhat Khabar !Page.NO-06 ! Dated:17-07-2021




चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान में शुक्रवार को सीएसआर स्टडीज का उद्घाटन करते उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, मंत्री नितिन नवीन व अन्य।

# सामाजिक उत्तरदायित्व जीवन का भाग : तारकिशोर

पटना | मुख्य संवाददाता

चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना में शुक्रवार को सेंटर फॉर सीएसआर स्टडीज का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि बिहार में एक उत्कृष्ट प्रबंधन संस्थान की कमी थी, जिसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की परिकल्पना ने पूरा कर दिया। हमारी भारतीय परंपरा में सामाज़िक उत्तरदायित्व दैनिक जीवन का एक भाग हुआ करता था। हमारे पूर्वज समाज के लिए कुछ न कुछ करना, अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते थे। सरकार अकेले समाज की सभी आवश्यकताओं का ख्याल नहीं रख सकती।

## कार्यक्रम

- सीआइएमपी में सेंटर फॉर सीएसआर स्टडीज का हुआ उद्घाटन
- हमारे पूर्वज समाज के लिए कुछ करने को अपनी जिम्मेदारी समझते थे

समाज के प्रत्येक व्यक्ति एवं संस्थान को आगे आकर अपनी क्षमता के अनुसार योगदान देना होगा। खुशी है कि सीआईएमपी ने अपने छात्रों में सामाजिक मूल्यों को विकसित किया है और मुझे विश्वास है कि छात्र संस्थान से पास होने के बाद जहां भी जायेंगे वे इन मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

संस्थान के निदेशक डॉ. वी मुकुंदा दास ने शैक्षणिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। कहा कि अभी के टाइम मैनेजमेंट बहुत जरूरी है। मोबाइल व अन्य गैजेट के चक्कर में युवा अपना सबसे कीमती समय बर्बाद कर रहे हैं। युवा टाइम मैनेजमेंट करसमाज में अपना बेहतर योगदान दर्ज कराएं। विशिष्ट अतिथि पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि सीएसआर पहल को आगे बढ़ाने के लिए संस्थान की हर संभव मदद की जायेगी। राज्य में सीएसआर से संबंधित गतिविधियों के लिए इस सेंटर की स्थापना के लिए उन्होंने संस्थान को धन्यवाद दिया।

Hindustan ! Page.NO-06 ! Dated:17-07-2021

# सीएसआर के सामाजिक कार्यों में उपयोग से खुशहाल होगा समाज



## प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वे समाज के विकास में योगदान दें : नीतिन

पटना/कार्यालय सं.। उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि वास्तव में हमारी भारतीय परंपरा में सामाजिक उत्तरदायित्व हमारे दैनिक जीवन का एक भाग हुआ करता था, हमारे पूर्वज समाज के लिए कुछ-न-कुछ करने के लिए अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते थें। हमारी परंपरा में अपनी आय का दशांश हिस्सा सामाजिक कार्यों में खर्च करने की परंपरा है। वे शुक्रवार को राजधानी के चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान में सेंटर फॉर सीएसआर स्टडीज का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि इस संस्थान के छत्र देश-विदेश के बड़ी-बड़ी कंपनियों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। हालांकि सीआईएमपी किसी भी दृष्टिकोण से कॉर्पोरेट की श्रेणी में नहीं आता है फिर भी जिस प्रकार संस्थान सामाजिक उत्थान के कार्यों में संलग्न हैं। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अकेले ही समाज की सभी आवश्यकताओं का ख्याल नहीं रख सकती; समाज के प्रत्येक व्यक्ति एवं संस्थान को आगे आकर अपनी क्षमता के अनुसार अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि छात्र संस्थान से पास होने के बाद जहां भी जाएंगे वे इन मूल्यों को एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को जारी रखते हुए उसे और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ-साथ साथ ही संस्थान के निदेशक डॉ वी मुकुन्दा दास को उन्होंने बिहार की खोई हुए शैक्षणिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर पथ निर्माण मंत्री नितिन नबीन,ने अपनी सीएसआर पहलों को आगे बढ़ाने के लिए संस्थान को हर संभव मदद की पेशकश की। उन्होंने राज्य में सीएसआर से संबंधित गतिविधियों के लिए इस सेंटर की स्थापना के लिए संस्थान को धन्यवाद दिया।

Sunmarg ! Page.No-02 ! D-17-07-2021